कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में पीजी डिप्लोमा इन योगा एवं दर्शनशास्त्र का प्रथम सत्र सफलतापूर्वक सम्पन्न

विगत दिनों शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इस सत्र से प्रारंभ ''पीजी डिप्लोमा इन योगा एवं दर्शनशास्त्र'' का सत्र सफलता पूर्वक द्वितीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा के साथ सम्पन्न हुआ।

महाविद्यालय में इस कोर्स में अध्ययनरत् 20 छात्राएँ इस वर्ष डिप्लोमा प्राप्त कर स्व–नियोजित हो सकेंगी। इन 20 छात्राओं में 20 वर्ष से लेकर 55 वर्ष उम्र की छात्राएँ थी। नौकरीपेशा के लेकर गृहणी तथा सेहत के प्रति जागरूक महिलाओं ने भी इस कोर्स का लाभ उठाया। प्रथम वर्ष उपलब्धियों से भरा रहा। इस सत्र में इस कोर्स की पूनम नायक, सोनिया साहू, मनीषा साहू का चयन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की अंतरविश्वविद्यालयीन प्रतियोगिताओं के लिये हुआ। अपने जीवन में पहली बार योग कर रही छात्राओं ने जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय ओपन योग प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। मुख्य रूप से कावेरी कुम्भकार एवं कु. शिल्पी ने राष्ट्रीय स्तर पर एवं महिमा एवं मिनिषा ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

महाविद्यालय द्वारा इस कोर्स हेतु कम से कम फीस लेकर पाठ्यक्रम को संचालित किया जा रहा है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने इस सत्र को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाली छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज योग का प्रशिक्षण केवल स्वस्थ दिनचर्या का हिस्सा ही नहीं है बल्कि रोजगारपरक होकर स्वावलम्बी बनने का जरिया भी हो गया है। कोर्स की प्रभारी डॉ. ऋतु दुबे ने समस्त छात्राओं को आगामी लिखित परीक्षा हेतु शुभकामनायें देते हुए अपेक्षा जतायी कि इन छात्राओं के माध्यम से समाज में योग और दर्शन का अधिक प्रचार–प्रसार होगा। योग शिक्षिका मालती साहू द्वारा भी छात्राओं को सम्बोधित करते हुए शत–प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया गया।

आगामी सत्र से महाविद्यालय में इस कोर्स में 60 छात्राओं को न्यूनतम शुल्क पर अधिकतम सुविधाओं के साथ प्रवेश देने की तैयारी चल रही है। इच्छुक छात्राएँ क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे से दूरभाष क्रमांक – 9826810547 सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकती हैं।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य